पाठ–10


# घर को जानें


जब हम किसी गाँव या शहर में जाते हैं तो हमें अलग–अलग तरह के घर दिखाई देते हैं। कुछ घर छोटे होते हैं तो कुछ बड़े। कुछ बहुत ऊँचे होते हैं तो कुछ कम ऊँचे। कुछ पक्के बने होते हैं तो कुछ कच्चे। आपके गाँव या शहर में भी कई तरह के घर होते हैं।

नीचे कुछ घरों के चित्र दिये गये हैं, इन्हें देखिए।









ऐसे और अन्य प्रकार के घर भी आपने देखे होंगे। आपके मोहल्ले/गाँव/शहर में भी कई तरह के घर होंगे। ये घर अलग–अलग सामग्री से बने होते हैं। सामग्री में लकड़ी है, भूसा है, घास है, मिट्टी है, ईंट है और भी कई अन्य चीजें हैं।

**1.(i) आस–पास से पता करके मकानों को बनाने में लगनेवाली सामग्री की सूची बनाएँ।**

______________ ______________ ______________

______________ ______________ ______________

______________ ______________ ______________

**(ii) इनमें से कौन–कौन सी सामग्री गाँव के/मोहल्ले के बाहर से आती है?**

______________________________________________

______________________________________________

**2. आप अपने आस–पास के कुछ घरों के चित्र बनाइए और उनमें रंग भरिए।**

3. अपने घर के बारे में भी लिखिए।

(i) आपके घर में कितने कमरे हैं?

____________________

(ii) दीवारें किससे बनी हैं?

____________________

(iii) छत किससे बनी है?

____________________

(iv) दरवाजा किससे बना है?

____________________

## मेरे घर का चित्र

4. नीचे बनी वर्ग पहेली में घर बनाने में लगनेवाली चीजों को ढूँढ़िए और उनके नाम लिखिए।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| बाँ | स | ल | क | ड़ी |
| इ | स्पा | त | घा | प |
| काँ | ई | ट | स | त्थ |
| च | सी | में | ट | र |

5. **कौन है सबसे अलग?**

(i) ईंट, सीमेंट, लकड़ी, बालू

_______________ सबसे अलग है।

(ii) दीवार, फर्श, छत, रंगोली

_______________ सबसे अलग है।

(iii) खिड़की, चौखट, पल्ला, छिटकनी

_______________ सबसे अलग है।

(iv) चूना, पानी, सीमेंट, पेंट (रंग)

_______________ सबसे अलग है।

6. **अगर हमारे घरों में ये न हों तो क्या होगा?**

(i) खिड़की न हो तो

_______________________________________________

(ii) दरवाजा न हो तो

_______________________________________________

(iii) रोशनदान न हो तो

_______________________________________________

(iv) छत न हो तो

_______________________________________________

7. **क्या आपने कभी सोचा है कि यदि घर नहीं होता तो हमें क्या–क्या समस्याएँ होतीं? चर्चा कीजिए व लिखिए।**

_______________________________________________

_______________________________________________

________________________________________________

________________________________________________

________________________________________________

## कुछ करें–

– अपने आसपास के बुजुर्गों से पता कीजिए कि जब वे बच्चे थे तब किस तरह के घरों में रहते थे और वे किसके बने होते थे?

– कई तरह के घरों के चित्र इकट्ठे कीजिए या उनके चित्र बनाइए। चित्रों से एक सुन्दर चार्ट बनाइए। कक्षा में उसे सजाइए।

– माचिस की खाली डिब्बियाँ, गत्ते के डिब्बे, रंगीन कागज इत्यादि इकट्ठे कीजिए। इन्हें चिपका–चिपकाकर घर का मॉडल तैयार कीजिए और अपनी पसंद के रंग भरिए।

CCC